卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 337 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦19 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बदसलूकी पर दरोगा के खिलाफ फूटा गुस्सा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल का एक सिख युवक का कॉलर पकड़े वीडियो सोशल मीडिया पर



वायरल हो रहा है। ये वीडियो चेकिंग का बताया जा रहा है। दरोगा पर युवक से बदसलूकी के आरोप लग रहे हैं। दरोगा के कारनामे के खिलाफ गुरूवार को व्यापारियों और सिख समाज के लोगों ने पहले आदर्श कालोनी और फिर कोतवाली में प्रदर्शन कर आरोपी चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जानकारी के अनुसार बुधवार रात अचानक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया। दो मिनट के वीडियो में सड़क पर बाइक गिरी दिख रही है। वीडियो में आदर्श कालोनी चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल युवक का कॉलर और हाथ पकड़े हुए दिख रहा है। हेलमेट लगाए इंचार्ज मोबाइल में किसी से बात कर रहा है। इसी बीच वहां लोगों के जमा होने पर दरोगा कालर छोड़कर युवक का हाथ पकड़ लेता है। इधर वीडियो बना रहा(शेष पृष्ठ सात पर)

### एसएसपी ने किया लाईन हाजिर

रुद्रपुर। सिख युवक से चेकिंग के दौरान बदसलूकी के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल को लाईन हाजिर कर दिया है। देर शाम चेकिंग के दौरान आदर्श कालोनी चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल का एक युवक का कॉलर पकड़े वीडियो वायरल हुआ था। इससे लोगों में आक्रोश है। मामले को लेकर आज विधायक शिव अरोरा ने भी एसएसपी मणिकांत मिश्रा से बात की और दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दरोगा के खिलाफ लगे आरोपों को देखते हुए एसएसपी ने मामले में त्वरित एक्शन लेते हुए चौकी इंचार्ज को लाईन हाजिर कर दिया है।

## पूर्व में भी विवादित रह चुके हैं दरोगा संदीप पिलखवाल



रूद्रपुर। सिख युवक के साथ अभद्रता को लेकर चर्चा में आये चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल पूर्व में भी विवादित रह चुके हैं। खटीमा में तैनाती के दौरान संदीप पिलखवाल पर पत्रकारों के साथ भी अभद्रता एवं मारपीट करने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर पत्रकारों ने आंदोलन भी किया था। बाद में हाईकोर्ट में भी मामला पहुंचा था। यही नहीं उन पर पूर्व में महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्रता के आरोप भी लग चुके हैं। बुधवार शाम हुए घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी सिटी मनोज कत्याल ने घटना स्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## बदसलूकी करने वाले दरोगा पर हो सख्त कार्रवाई: राजेन्द्र पाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में तैनात दरोगा संदीप पिलखवाल द्वारा चेकिंग के नाम पर सिख समाज के युवक के साथ अभद्रता के मामले को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह राजू ने पत्रकार वार्ता करते मामले की निष्पक्ष जांच करते



हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है। बृहस्पतिवार को राजेंद्र पाल सिंह राजू ने अपने निजी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए रुद्रपुर के दरोगा संदीप पिलखवाल द्वारा सिख समुदाय के युवा के साथ अभद्रता के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि घटना का एक वीडियो भी सोशल (शेष पृष्ठ सात पर)

## हेट स्पीच के खिलाफ कांग्रेसियों का उबाल,कोतवाली में दी तहरीर

### भाजपा व सहयोगी दलों के नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

काशीपुर(उद संवाददाता)। देश में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा दी गई हेट स्पीच को लेकर मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी को लेकर आज महानगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े दर्जनों पदाधिकारी ने कोतवाली का रुख किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाल की गैर मौजूदगी में एसएसआई को तीन पेज की तहरीर देकर आरोपी



भाजपा नेताओं के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया गया। गुस्साए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं द्वारा आपत्ति जनक एवं हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया जाना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि मनुवादी मानसिकता के लोग विकास के नाम पर देश को विनाश के गर्त में धकेल रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा यह भी कहा गया कि भाजपा नेता विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए उन पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उनका पासपोर्ट रद्द करने की मांग कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा सांसद अनिल बोंडे द्वारा यह कहा जाना कि राहुल गांध ी की जीभ काट लेनी चाहिए उनकी कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हत्या किए जाने का आवाहन किया जाना अथवा उन्हें आतंकवादी करार देना देश की राजनीति के लिए शर्मनाक है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों के नेता राहुल गांधी की सुरक्षा को खतरे में डालने का इरादा रखते हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

## तमंचा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता) । अवैध शस्त्रों की रोकथाम को लेकर एसपी के निर्देश पर जिले भर में चलाए गए अभियान के क्रम में गशत कर रही पुलिस टीम ने एक बदमाश को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कुंडेश्वरी चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने नूरपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध में चहल कदमी करते हुए एक शख्स को शक के आधार पर दौड़कर दबोच लिया। जामा तलाशी में पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिरफिरे ने किशोरी को चाकू मारने के बाद खुद को किया घायल

### घर में घुसकर किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

सितारगंज । सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर किशोरी पर चाकू से हमला कर खुद को भी मिटाने की धमकी दी। सिरफिरा युवक यहीं नहीं रुका उसने खुद को भी घायल कर लिया। इस घटना में किशोरी के छोटे भाई को भी चोटे लगी। पुलिस ने सूचना मिलते ही मामले में त्वरित करवाई कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पर इससे पहले भी किशोरी को स्कूल जाते वक्त छेड़छाड़ का आरोप है। नगर क्षेत्र के एक वार्ड निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री सरकारी कॉलेज में कक्षा सात में पढ़ती है। हल्द्वानी निवासी सिरफरा युवक तालिब आए दिन उसकी पुत्री को स्कूल जाते वक्त छेड़छाड़ करता था। जिसकी शिकायत पीड़िता के पिता ने पूर्व में भी की थी। लेकिन आरोपी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोप है कि 18 सितंबर को बालिका का पिता मजदूरी करने गया था और उसकी पत्नी बाजार गई थी। इस दौरान हल्द्वानी निवासी आरोपी मौका पाकर उसके घर में घुस गया आरोपी ने उसकी नाबालिक पुत्री से दुराचार का प्रयास किया। उसके आठ साल के पुत्र ने जब उसे रोका तो आरोपी ने पुत्र का गला दबा दिया। आरोप है कि इस दौरान हमलावर ने सब्जी काटने वाले चाकू से उसकी पुत्री पर हमला कर दिया। हमले में उसकी पुत्री का हाथ कट गया है। उसके पुत्र ने सूचना फोन पर परिजनों को दी। पीड़ित का कहना है कि हमलावर तालिब ने खुद को भी घायल कर लिया। आरोपी ने उसकी पुत्री को धमकी दी अगर उससे शादी नहीं की तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़ित ने पुलिस से पुत्री की जान बचाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तालिब निवासी हल्द्वानी, हाल निवासी सितारगंज के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मंदिर में पहले दंडवत किया प्रणाम फिर की चोरी

रामनगर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है,पुलिस द्वारा चोरों को पकड़ने के बाद भी लगातार चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे



हैं। ताजा मामला रामनगर के कोसी बैराज स्थित गुप्ता टी स्टाल के पास मंदिर का है जहां एक चोर ने पहले मंदिर में बालाजी महाराज को दंडवत प्रणाम किया और उसके बाद सफाई से मंदिर के अंदर रखी राम दरबार की पीतल की मूर्ति, तांबे का लोटा व घंटी पर हाथ साफ कर लिया। सुबह जब अशोक कुमार गुप्ता मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए आये तो मंदिर से रामदरबार, लोटा,घंटी आदि गायब देखा। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कारों से स्टंट करते तीन गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नगर में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है जिसमें नैनीताल रोड पर कार सवार कुछ युवकों द्वारा खतरनाक तरीके से ऑडी और बीएमडब्ल्यू कारों को दौड़ाया जा रहा था। वायरल वीडियो का



एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सीओ नितिन लोहनी को कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी द्वारा वायरल वीडियो में तीनों वाहन चालकों का पता लगाकर खतरनाक (शेष पृष्ठ सात पर)

## मांगों को लेकर कल रुद्रपुर में जुटेंगे बंगाली समाज के हजारों लोग

### गांधी पार्क में बंगाली समाज की विशाल जनसभा और रैली की तैयारियां जोरों पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली समाज द्वारा कल यहां गांधी पार्क में विशाल जनसभा व रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी शामिल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। कल 20 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से बंगाली समाज के आयोजित होने वाली विशाल जनसभा व रैली को सफल बनाने के लिए आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों ने गांधी पार्क में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समाज के वरिष्ठ लोगों ने बताया



कि भाजपा के एक विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा बंगाली समाज के प्रति विध ानसभा सत्र के दौरान दिये गये वक्तव्य के बाद से बंगाली समाज में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज अपनी दशकों पुरानी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेगा। इस जनसभा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को मांगों के सन्दर्भ में ज्ञापन भी प्रेषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रैली में जनपद उधमसिंहनगर के साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों में निवास कर रहे बंगाली समाज के हजारों लोग प्रतिभाग करेंगे। जिनके लिए आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी।। उन्होंने बताया कि विशाल जनसभा व रैली को लेकर बंगाली समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह रैली बंगाली समाज की एकता को और मजबूत करेगी। आयोजन स्थल पर लोगों के बैठने का समुचित प्रबंध किया जा (शेष पृष्ठ सात पर)

# चार दिन में खोलीं 307 सड़कें, 174 मार्ग अवरुद्ध

## आपदा प्रभावित व्यवसायियों के लिए 56.30 लाख की राहत राशि स्वीकृत

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवरुद्ध मार्गों को जल्द से जल्द खोला जा रहा है। अभी तक मात्र चार दिन में ही 307 अवरुद्ध मार्गों को खोल लिया गया है। शेष अवरूद्ध मार्गों को खोलने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को 25 सितंबर तक अवरुद्ध मार्गों को खोलने के लिए की गई कार्रवाई तथा जो मार्ग नहीं खुल पाए हैं उनके कारण सहित विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि 19 सितंबर को सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर शेष बंद मार्गों को खोलने के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाए।मुख्यमंत्री ने आम जनमानस की दिक्कतों को देखते हुए सचिव आपदा प्रबंधन को जल्द से जल्द मार्ग सुचारु करवाने के लिए व्यापक रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार का भी सहयोग मार्गों को खोलने के लिए संबंधित विभागों को चाहिए, जिलाधिकारी वह उपलब्ध कराएं और जल्द से जल्द मार्गों को खोलना सुनिश्चित करें। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस वर्ष 31 जुलाई को केदारनाथ क्षेत्र में अतिवृष्टि से लिनचोली से सोनप्रयाग तक पैदल तथा मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित व्यवसायियों को 56.30 लाख की राहत राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से किये जाने की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री द्वारा इससे पूर्व भी प्रभावित व्यवसायियों के लिए 09 करोड़ 08 लाख की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है।सचिव मुख्यमंत्री श्री शैलेश बगोली द्वारा जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके अनुरोध पर 56.30 लाख की धनराशि और स्वीकृत की गई है। यह धनराशि पूर्व में स्वीकृत 09 करोड़ 08 लाख के अतिरिक्त है। सचिव मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्ताव के संदर्भ में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त मुख्यमंत्री के निर्देश पर निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से लिनचोली से सोनप्रयाग तक के प्रभावितों की क्षतिपूर्ति हेतु जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग से प्राप्त प्रस्तावानुसार उपरोक्त धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि स्वीकृत धनराशि का भुगतान प्रभावितों को करने से पूर्व प्रकरणों का संगत शासनादेशों में किये गये प्रावधानों के तहत परीक्षण तथा प्रभावितों का नियमानुसार सत्यापन करने के उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होने पर भुगतान यथासंभव ई-बैंकिग के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा। जहां ई-बैंकिग की सुविधा न हो, वहां धनराशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वितरित की जाएगी। प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत धनराशि के वितरण के पश्चात् लाभार्थियों का विवरण यथा-नाम, पता, दूरभाष संख्या इत्यादि जनपद स्तर पर सुरक्षित रखे जाने के भी निर्देश वर्णित शासनादेश में दिए गए हैं।






# खाई में गिरा मैक्स वाहन, तीन की मौत

## भटवाड़ी के पास नदी में गिरा वाहन लापता, तलाश जारी

श्रीनगर। उत्तराखंड के श्रीनगर में दर्दनाक हादसा हो गया। कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत पैंडुला-मैखंडी मोटरमार्ग पर एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में सवार चार लोगों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए बेस अस्पताल भेजा गया है। पैंडुला-मैखंडी मोटर मार्ग पर शाम चार बजे सेमला व काटल के बीच में मैक्स वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। बताया जा रहा है वाहन इस मार्ग से न्यूली की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पहुंचे स्थानीय लोगों, पुलिस एवं राजस्व टीम ने राहत कार्य कर शवों को खाई से निकाला। कोतवाली निरीक्षक कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई थी। मृतकों की पहचान पंकज फोदणी (36) निवासी न्यूली, रमेश लाल (40) निवासी अमरोली, चालक गणेश मिंया (31) निवासी अमरोली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में मनोज (29) निवासी अमरोली घायल हुआ है।



**उत्तरकाशी**- उत्तरकाशी जिले से एक हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक वाहन हादसे का शिकार हो गया। आशंका जताई जा रही है कि वाहन नदी में गिरा है। जिसके चलते एसडीआरएफ की टीम ने नदी में सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार दोपहर भटवाड़ी से आगे भुक्की के पास एक वाहन लापता होने की सूचना मिली। उक्त वाहन के खोजबीन के लिए एसडीआरएफ भटवाड़ी और पुलिस को अवगत कराया गया है।

# अंकिता भंडारी की दूसरी बरसी पर महिला कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

## माहरा बोले: अंकिता को नहीं मिला न्याय, कौन था वीआईपी?

देहरादून (उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड को दो साल पूरे हो गए हैं। दो साल बाद भी अंकिता को न्याय नहीं मिल पाया है। आज अंकिता भंडारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उत्तराखंड महिला कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला है। महिला कांग्रेस ने अंकिता भंडारी को न्याय देने की मांग की है। अंकिता भंडारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर महिला कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। कांग्रेस का कहना है कि सीबीआई जांच, वीआईपी के नाम का खुलासा और सरकार किसी खास व्यक्ति और समूह को बचाने की कोशिश कर रही है। महिला कांग्रेस ने जल्द से जल्द अंकिता भंडारी को न्याय देने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महिला कांग्रेस ने कहा कि इन्हीं मांगों को लेकर आज कैंडल मार्च निकाला जा रहा है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने अंकित भंडारी हत्याकांड की दूसरी बरसी पर कड़ी प्रतिक्रिय व्यक्त करते हुए कहा है कि आज हमारे उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी की द्वितीय पुण्यतिथि है। मैं बेटी अंकिता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। देवभूमि को झकझोर कर रख देने वाले इस शर्मनाक और जघन्य हत्याकांड को आज 2 वर्ष पूर्ण हो गए लेकिन देवभूमि के सवाल आज भी वही हैं जो आज से 2 साल पहले थे। धाकड़-धाकड़ का ढ़ोल पिटने वाले आज तक सही से हत्याकांड की जांच भी नहीं करा पाए। वीआईपी कौन था ? किसके इशारे पर रिजॉर्ट में बुलडोजर चलाकर सुबूत नष्ट किए गए और अंकिता के माता-पिता सहित समूचा उत्तराखंड जब सीबीआई जांच की मांग कर रहा है, तो किसको बचाने के लिए सीबीआई से जांच कराने से डरा जा रहा है ।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रवर समिति की बैठक में नहीं पहुंचे कांग्रेस विधायक

देहरादून। उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) संशोधन विधेयक को लेकर प्रवर समिति की पहली बैठक में कांग्रेस विधायक ममता राकेश और हरीश धामी नहीं पहुंचे। समिति के अध्यक्ष एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने 24 सितंबर को फिर से बैठक बुलाई है। समिति को आठ अक्तूबर तक विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को विधेयक पर रिपोर्ट सौंपनी है। बुधवार को विधानसभा भवन में समिति के अध्यक्ष एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें नगर निगम संशोधन विधेयक में ओबीसी आरक्षण व अन्य प्रावधानों पर मंथन किया गया। भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विनोद चमोली, खजान दास व बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सुझाव दिए। विभागीय अधिकारियों ने संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी दी। वहीं, बैठक में कांग्रेस विधायक ममता राकेश और हरीश धामी नहीं पहुंचे। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, 9 सितंबर को विधानसभा ने प्रवर समिति गठित करने की अधिसूचना जारी की थी। समिति को एक माह के भीतर विधेयक के हर पहलू का अध्ययन कर सिफारिशों की रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को सौंपनी है। समिति के पास समय कम है। लिहाजा हमारा प्रयास रहेगा कि आठ अक्तूबर तक रिपोर्ट स्पीकर को सौंप दी जाए। पहली बैठक में सदस्यों ने अपने सुझाव रखे हैं। 24 सितंबर को दोबारा से बैठक रखी गई। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा में हुए मानसून सत्र में प्रदेश सरकार ने नगर निगम संशोधन विधेयक पेश किया था। लेकिन चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने ओबीसी आरक्षण के सर्वे पर आपत्ति जताते हुए सवाल उठाए थे। विधायकों की मांग पर विधेयक को प्रवर समिति को भेज दिया गया था।

# करोड़ों की डकैती कांड में शामिल चौथा आरोपी अमनदीप हरियाणा से गिरफ्तार

**गैंग का सरगना पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया**

हरिद्वार (उद संवाददाता)। श्री बालाजी ज्वेलर्स शोरूम में करोड़ों की डकैती डालने के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को भी पुलिस ने हरियाणा के यमुनानगर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से डकैती के बाद मिले रुपये से खरीदा गया मोबाइल और 13.50 हजार रुपये बरामद हुए। गैंग का सरगना अभी हत्थे नहीं चढ़ पाया है। कई टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के मुताबिक एक सितंबर को ज्वेलरी शोरूम में पांच हथियारबंद बदमाशों ने डकैती डाली थी। रविवार देर रात मुठभेड़ के दौरान बदमाश सतेंद्र पाल उर्फ लक्की ढेर हो गया था। सोमवार दोपहर उसके दो साथी आरोपी गुरदीप सिंह उर्फ मोनी और जयदीप सिंह उर्फ माना को बहादराबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया था। मुख्य आरोपी सुभाष और अमन निवासी हत्थे नहीं चढ़ पाए थे। आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया था। एसएसपी ने बताया कि प्रभारी रुड़की कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट, एसआई रणजीत तोमर, मुख्य आरक्षी राजवर्धन, मुकेश, सुनील व सतेंद्र को फरार आरोपी सुभाष और अमनदीप की तलाश में लगाया था। टीम ने बुधवार की देर शाम आरोपी अमन कांबोज को खंडवा चौक यमुनानगर हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अमन को डकैती में शामिल होने की एवज में 50 हजार रुपये मिले थे। बाकी रकम माल के बंटवारे के बाद मिलनी थी। अमन ने इनमें से 25 हजार रुपये का मोबाइल फोन खरीदा। बाकी रुपये खर्च करने के बाद 13500 की नगदी बची।

# राहुल गांधी का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : माहरा

## केंद्र सरकार को स्वतः संज्ञान लेते हुए ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए

देहादून (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने लोकसभा



में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान को लेकर की जा रही अमर्यादित टिप्पणियों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। माहरा ने कहा कि भाजपा में शामिल हो चुके रवनीत बिट्टू, जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने तीन बार सांसद बनाया था, और भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना के विधायक सहित अन्य भाजपा नेताओं द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाकर देश के जनप्रिय नेता राहुल गांधी पर की जा रही अमर्यादित टिप्पणियां अत्यंत निंदनीय हैं। जीभ काटने, हत्या की धमकी देने और उन्हें आतंकवादी कहने जैसी बातें कतई स्वीकार नहीं की जा सकतीं। हमें यह कहने में खेद है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अपने नेताओं की जुबान पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। जिस प्रकार राहुल गांधी को धमकियां दी जा रही हैं, केंद्र सरकार को स्वतः संज्ञान लेते हुए ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी। भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि राहुल गांधी शहीद परिवार के बेटे हैं, जहां इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जी ने इस देश के लिए अपनी शहादत दी है। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य हैं, जहां पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जी दोनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राहुल गांधी जी को इस प्रकार की धमकी देना कांग्रेस के किसी भी व्यक्ति द्वारा सहन नहीं किया जाएगा। देश के नागरिक भी इन गलतियों को कभी क्षमा नहीं करेंगे। हम इन शब्दों की कड़ी निंदा करते हैं और पूरे प्रदेश में उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज करेंगे। बीजेपी के नेताओं द्वारा राहुल गांधी जी के खिलाफ दिए जा रहे शर्मनाक बयान अत्यधिक निंदनीय हैं। बीजेपी के नेता हिंसा की बात कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि राहुल गांधी जी को इंदिरा गांधी की तरह मार दिया जाना चाहिए, यहां तक कि उनकी जीभ काटकर लाने की बात कर रहे हैं। यह गृह मंत्री की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष के सबसे बड़े नेता, जो हमारी लोकसभा में सीएल भी हैं, को जान से मारने की धमकियों को गंभीरता से लें। उनकी जीभ काटने जैसी धमकियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। यह याद रखना चाहिए कि राहुल गांधी शहीद परिवार के बेटे हैं, जहां इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जी ने देश के लिए अपनी शहादत दी है। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से आते हैं, जहां पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जी दोनों स्वतंत्रता सेनानी थे। राहुल गांधी जी को ऐसी धमकियां देना कांग्रेस का कोई भी व्यक्ति सहन नहीं करेगा, और देश के नागरिक इन गलतियों को कभी क्षमा नहीं करेंगे। हम इन बयानों की कड़ी निंदा करते हैं और प्रदेश भर में उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज करेंगे।

# 2025 में नशा मुक्त प्रदेश का सपना कैसे होगा साकार?

## सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं भ्रष्ट अधिकारी, एसएसपी की प्राथमिकताओं को भी हाशिए पर डाला

–मनोज श्रीवास्तव–

काशीपुर/जसपुर/बाजपुर। नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र द्वारा अपनी प्राथमिकताओं में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा नशे के गैर कानूनी कारोबार को समूल खत्म करने की जो बात कही गई थी वह फिलहाल काशीपुर, जसपुर व बाजपुर में सार्थक होती नहीं प्रतीत हो रही है। उधम सिंह नगर के प्रमुख शहरों में शुमार पौराणिक शहर काशीपुर में कानून व्यवस्था पूरी तरह पटरी से नीचे है। यहां आज भी दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां बेखौफ धधक रही है। गैरकानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। आईटीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खाईखेड़ा, कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, वीरपुर कटैया, गिन्नीखेड़ा बांसखेड़ा, गिरधाई, खड़कपुर देवीपुरा समेत कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र का रमपुरा गांव अवैध कच्ची शराब के लिए कुख्यात हो चुके हैं। सूत्रों की माने तो इन गांवों से प्रतिदिन लाखों लीटर अवैध कच्ची शराब महफूज ठिकानों को सप्लाई किया जाता है। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि गैर कानूनी कारोबार आज तक इसलिए बंद नहीं हो सका कि लंबे समय से थाने चौकियों में जमे कुछ हेकड़ व भ्रष्ट पुलिसकर्मियों द्वारा इन्हें बाकायदा संरक्षण देते हुए हफ्ता वसूल किया जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की नाक के नीचे अवैध कच्ची शराब के नाजायज अड्डे



आबाद हैं। जहरीली कच्ची शराब पीकर अब तक दर्जनों जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई और अनगिनत परिवार भुखमरी के कगार पर आ गए लेकिन आज तक यह गैरकानूनी कारोबार पुलिस तथा संबंधित विभाग के लिए बंद करने के नाम पर चुनौती बना है। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के जंगली इलाकों के अलावा कोसी नदी के छोर पर दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां कच्ची शराब की भट्ठियां खुलेआम धधकती है। इसी तरह कुंडा थाना क्षेत्र के अलावा जसपुर तथा बाजपुर जहरीली शराब की आग में सुलग रहा है।काशीपुर में पोस्टमार्टम हाउस के पास एक महिला पिछले कई वर्षों से सुल्फा (चरस) बेंच रही है। इस महिला पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे है। सूत्रों का कहना है कि मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी तथा अल्ली खां में दर्जनों स्थानों पर स्मैक बेची जा रही है। उपरोक्त मोहल्लों में सट्टे का भी गैर कानूनी कारोबार खूब फल फूल रहा है। इस तरह की स्थिति परिस्थिति में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2025 तक प्रदेश को पूरी तरह नशा मुक्त करने का सपना आखिर कैसे साकार हो सकता है यह अपने आप में अनुत्तारित सवाल है जिसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं।

## सार्वजनिक स्थानों पर जमकर चल रही शराबखोरी

काशीपुर। नगर क्षेत्र में दर्जनों सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम चल रही शराबखोरी को बंद कराना पुलिस के लिए चुनौती है। रोडवेज बस स्टैंड के मुख्य द्वार के आसपास अधिकांश दुकानों में शाम से देर रात तक शराब पिलाए जाने की सूचना है। रोडवेज परिसर के अंदर भी शराबी पैग टकराने को लेकर महफूज ठिकाना बनाए हुए हैं। इसकी वजह से दूर दराज की यात्रा करने वाले खासकर महिला यात्रियों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने गली शराब खोरी के लिए पूरी तरह बदनाम है। कोर्ट रोड पर साहनी रिजॉर्ट के आसपास सड़क किनारे लगे मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलों पर आम व्यक्ति कभी भी खड़े होकर शराब पी सकता है। इसी तरह मुरादाबाद रोड पर महेशपुर पुलिया से ढेला पुल तक सड़क किनारे संचालित मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलों के अलावा होटल एवं सड़क छाप ढाबों में दर्जनों स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। सहोता अस्पताल के ठीक सामने खोखे में शाम से देर रात तक शराब के शौकीन सैकड़ो लोग नजर बचाकर पैग हलक से नीचे उतार देते हैं। ऐसे ही अलीगंज अड्डा एवं दढियाल अड्डे के आसपास एवं रेलवे क्रॉसिंग के समीप कई दुकानों में सड़क किनारे लगातार शराब पिलाने की सूचना है।

## आबकारी का किरदार संदिग्ध

काशीपुर। जहरीली कच्ची शराब, तस्करी की अंग्रेजी शराब एवं ओवर रेटिंग को लेकर आबकारी के अधिकारियों व कर्मचारियों का किरदार संदिग्ध प्रतीत होता है। क्षेत्र में जो कुछ भी हो रहा है अथवा अंग्रेजी या देसी शराब की दुकानों पर चल रही घोर अनियमितताएं आबकारी के संज्ञान में है लेकिन इस पर प्रभावी अंकुश लगाने के कोई सार्थक उपाय अब तक नहीं किए गए। जन चर्चा है कि सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में आबकारी के कुछ भ्रष्ट अधिकारी भी शामिल है। जो कार्यवाही का दिखावा करते हुए पर्दे के पीछे से नशा कारोबारियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं।

# लेफ्टिनेंट बनने पर मिलनदीप सिंह का ग्रामीणों ने किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम केला खेड़ा निवासी सरदार रविंद्र सिंह के सुपुत्र मिलन दीप सिंह को लेफ्टिनेंट पद से नवाजे जाने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया । गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष परमजीत सिंह एवं धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के काशीपुर मिशन के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह द्वारा सरोपा एवं लोही भेंटकर सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने उनके घर पहुंचकर लेफ्टिनेंट मिलन दीप सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया । लेफ्टिनेंट मिलन दीप सिंह के पिता रविंद्र सिंह ने बताया कि वे भी सूबेदार मेजर के पद पर 30 वर्षतक सेवा करके सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके सुपुत्र मिलन दीप सिंह द्वारा भी लेफ्टिनेंट के रूप में देश की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया है जो कि एक सराहनीय कदम है । इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा, क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए मिलन दीप सिंह द्वारा एक अच्छा कदम उठाया गया है लेफ्टिनेंट के पद पर उनको नवाजे जाने पर उनको शुभ कामनाएं दी। मिलन दीप सिंह ने कहा उसे देश सेवा करने का जो मौका मिला है वे तन मन से देश एवं जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे ।इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी केला खेड़ा के अध्यक्ष परमजीत सिंह, हरजिंदर सिंह ,अजीत सिंह नीटू, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालड़ा, स्नेहिल कालड़ा ,जसवंत कौर, परमजीत कौर, हरप्रीत कौर, नरेंद्र पाल सिंह,ज्ञान सिंह, अमरजीत सिंह, सरदूल सिंह, हरविंदर सिंह,नरेश सिंह, बलबीर सिंह, अमृतपाल सिंह,डॉ, मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे।



# उद्यान फार्म का अस्तित्व नहीं होगा समाप्तः विकास शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा रूद्रपुर में नैनीताल रोड पर स्थित उद्यान फार्म का अस्तित्व समाप्त नहीं होगा। शासन प्रशासन



के स्तर से इसे शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल झूठी अफवाह फैलाकर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ठुकराल उद्यान फार्म को शिफ्ट करने की बात कहकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं । वास्तव में उद्यान फार्म को शिफ्ट करने की योजना नहीं बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि पचास एकड़ में बना उद्यान फार्म रूद्रपुर की शान है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। धामी सरकार सरकार इसे खुर्द बुर्द नहीं होने देगी। श्री शर्मा ने कहा कि धामी सरकार में सरकारी भूमि को बचाने का काम किया जा रहा है। उद्यान फार्म को शिफ्ट करने चर्चाएं सिर्फ अफवाह है।

# शीतला देवी मंदिर से दानपात्र व घंटी चोरी

दिनेशपुर। शीतला देवी मंदिर में चोरों ने अपना हाथ साफ कर दिया। चोर मंदिर से कलश व पीतल का समान चुरा ले गए। यहां तक कि चोर मंदिर की घंटी तक चुरा कर ले गए। इस घटना के बाद से इलाके में लोगों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि दिन पर दिन चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही जिस कारण उन्हें सुरक्षा की चिंता हो रही है। दिनेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जाफरपुर रोड स्थित आनंद खेड़ा गांव शीतला देवी मंदिर में मंगलवार की रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। मंदिर के दानपात्र समेत शीतला माता मंदिर के मुख्य कलश व अन्य पीतल के समान पर चोरों ने हाथ साफ किया है। इसके अलावा चोर मंदिर से घंटी भी चुरा ले गए। बता दें कि लंबे समय से इलाके में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। सक्रिय चोर गिरोह क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। लेकिन पुलिस अब तक गिरोह को दबोच नहीं पाई है। चोरी का पता चलने पर ग्राम प्रधान चौधरी इंद्रपाल सिंह की नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। गांव वालों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस थाना मंदिर से महज 500 मीटर की दूरी पर है। इसके बाद भी यहां चोरी हो गई। इसी मंदिर के सामने से पुलिस रात को गश्त लगाने के लिए जफरपुर पहुंचती है। इसके बावजूद चोर यहां चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। स्थानीयों का कहना है कि पुलिस की सुस्ती से चोर गिरोह के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करना चाहिए।

# रैली को सफल बनाने के लिए निकाली पैदल यात्रा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। 20 सितंबर को रुद्रपुर में प्रस्तावित बंगाली समाज की रैली को सफल बनाने की अपील करते हुए समाज के लोगों ने पैदल यात्रा निकाली। रुद्रपुर में आरक्षण सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 20 सितंबर को



रुद्रपुर में बंगाली समाज की रैली होनी है। रैली में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील करते हुए गोविंदनगर से पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा यहां सुभाष चौक में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह जगह रुककर लोगों से अपने अधिकारों के लिए दलगत राजनीति से परे रहते हुए एकजुट होकर रैली में पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान रामचंद्र राय, सुमित मंडल, उत्तम आचार्य, रविंद्र सिंह, रिपुसुदन मंडल, विपुल आदि मौजूद थे।




# सांड के हमले से घायल पूर्व सभासद की मौत

शक्तिफार्म। सांड के हमले में घायल पूर्व सभासद की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। उनकी मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। करीब 20 दिन पहले वार्ड संख्या एक निवासी नगर पंचायत शक्तिगढ़ के पूर्व सभासद गोविंद सरकार (56 ) रात को बाइक पर सवार होकर सितारगंज से अपने घर आ रहे थे। रास्ते में सांड के टक्कर मारने से वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें बरेली के एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रों को बिलखता छोड़ गए हैं। निवर्तमान चेयरमैन सुनील विश्वास, रमेश राय, विक्रम भंडारी, सुमित मंडल, मनोज सुतार, मनोज सरकार आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।






# मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के बढ़ाये वित्तीय अधिकार

## मुख्य सचिव ने किया एसडीआरएफ एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण के तहत विभागों के 287.48 करोड़ के प्रस्तावों का अनुमोदन

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून। उत्तराखंड में राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के तहत मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के प्रशासकीय और वित्तीय अधिकार बढ़ा दिए गए हैं। मंडलायुक्त पांच करोड़ रुपये तक और डीएम एक करोड़ तक की योजनाओं को अपने स्तर पर मंजूर कर सकेंगे। बुधवार को राज्य सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। साथ ही एसडीआरएफ एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण के तहत विभागों के 287.48 करोड़ के प्रस्तावों पर मुहर लगी। माना जा रहा है कि मंडलायुक्त और डीएम के वित्तीय व प्रशासकीय अधिकार बढ़ने से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के कार्यों में तेजी आ सकेगी। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पेयजल निगम, पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग व यूपीसीएल को एसडीआरएफ से वित्तीय वर्ष 2024-25 में आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण हेतु 95 करोड़ की धनराशि आवंटित किए जाने के





प्रस्ताव को भी अनुमोदन दिया है। मुख्य सचिव ने जनपद नैनीताल में हल्द्वानी के गौलापार स्थित इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्यों के सम्बन्ध में तत्काल एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के तहत जिलाधिकारी को 1 करोड़ रूपये तक के कार्य तथा सम्बन्धित मण्डलायुक्त को 5 करोड़ रूपये तक की योजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के अधिकार के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है। मुख्य सचिव ने जनपद देहरादून के सहस्त्रधारा मोटर मार्ग के 4 किमी, चैनेज 3.300 में 48.00 मी. स्पान स्टील गर्डर सेतु के अपस्ट्रीम में बाढ़-भूस्खलन से बचाव हेतु सुरक्षात्मक कार्य, जनपद उत्तरकाशी के नौगांव- सुनारा- कोटियालगांव मोटर मार्ग के 5 किमी में क्षतिग्रस्त प्रतिधारक दीवार का सुरक्षात्मक कार्य, उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत पत्थरगाड- नन्दगांव मोटर मार्ग के 1 किमी में सुरक्षात्मक कार्य, एसडीएमएफ वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत पौन्टी-मोल्डा मोटर मार्ग के 2 किमी में सुरक्षात्मक कार्य हेतु अनुमोदन दिया है। सीएस ने जनपद नैनीताल के भीमताल में अमृतपुर स्थित डहरा पुल के एबेटमेंट की भूकटाव हेतु प्लम ब्लॉक का सुरक्षात्मक कार्य, नैनीताल बाईपास मोटर मार्ग मुख्य जिला मार्ग में ड्रेनेज सुधारीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य, जनपद चमोली के नंदप्रयाग- घाट- सुतोल केनाल मोटर मार्ग के चौनेज 14.000 एवं 14.025 का सुरक्षात्मक कार्य, श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग, छोटी लिंचोली, कुबेर ग्लेशियर, छानी कैंप में हुए भूस्खलन एवं बादल फटने से प्रभावित पैदल मार्ग का सुरक्षात्मक कार्य, जनपद उत्तरकाशी की मोरी विकासखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नीचे बाढ़ सुरक्षा कार्य, सितारगंज में राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क की सूखी/ बेगुल नदी से सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा योजना जैसे विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया है।बैठक में सचिव आपदा प्रबन्धन श्री विनोद कुमार सुमन सहित आपदा प्रबन्धन, लोक निर्माण, जल संस्थान, सिचाई व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा जिलों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# नर्स तस्लीम जहां हत्याकांड का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

## सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को जारी किया नोटिस

गदरपुर(उद संवाददाता) तस्लीम जहां नर्स हत्याकांड के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। तस्लीम जहां के परिजनों ने अपने निवास गदरपुर में प्रेस वार्ता करते हुए यह जानकारी दी। मृतक तस्लीम जहां की बहन शाहिबा ने बताया कि जमीयत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरसद मदनी के द्वारा किए गए प्रयासों से उनकी बहन के हत्याकांड का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है उन्होंने बताया कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। समाज सेवी मोहम्मद शादाब ने बताया कि



तस्लीम जहां हत्याकांड की पहले दिन से ही उन्हें जब सूचना मिली तो वह हर जगह पीड़ित परिवार के साथ न्याय के लिए गुहार लगाते रहे। उन्होंने बताया कि जमीअत उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की टीम ने तस्लीम जहां के परिजनों से संपर्क साधा और इस मामले को वरिष्ठ अधिवक्ता नित्य रामाकृष्ण के सहयोगी अन्य अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में नर्स तस्लीम जहां हत्याकांड का प्रकरण रखा जहां से सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पीड़ित परिवार शुरू से ही पुलिस जांच से असंतुष्ट है। मोहम्मद शादाब ने मौलाना अरशद मदनी सहित उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मामला अब सुप्रीम कोर्ट चला गया है जहां से मृतक तस्लीम जहां को जरूर न्याय मिलेगा। इस दौरान साहिबा ,मोहम्मद शादाब, नफीस, नईम जहां, शबीना मौजूद रहे।

# रुद्रपुर में बनेगा नया तहसील भवन,दो एकड़ भूमि चयनित

रुद्रपुर। कलक्ट्रेट में संचालित तहसील कार्यालय का नया भवन बनाने की कवायद शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने भवन के लिए जमीन आवंटित कर दी है। इसकी डीपीआर बनाने की कार्यवाही की जा रही है। तहसील भवन के लिए सहायक आयुक्त स्टांप कार्यालय के समीप राजस्व विभाग की दो एकड़ भूमि चयनित की गई है। जमीन की नापजोख कर ली गई है। वर्तमान में तहसील कार्यालय का संचालन कलक्ट्रेट भवन के आठ कमरों में हो रहा है। पर्याप्त जगह न न होने के कारण तहसील के कामकाज में दिक्कत आती है। वाहनों के लिए पार्किंग की भी उचित व्यवस्था नहीं है। इसे देखते हुए तहसील का पृथक से भवन बनाने की योजना जिला प्रशासन ने बनाई है। चयनित जमीन को शासन से हरी झंडी मिलने के बाद तहसील का पृथक से भवन बनने की राह खुल गई है। तहसील का अलग से भवन बनने के बाद कार्यालय संचालन में तो सहूलियत होगी ही, आम जनता को भी सुविधा मिलेगी। तहसील भवन के साथ ही अधिकारी, कर्मचारियों के आवासीय भवन भी बनेंगे। कार पार्किंग की भी व्यवस्था होगी।

# तहसील दिवस में उठी समस्याओं का करें त्वरित निस्तारण: डीएम

जसपुर(उद संवाददाता)। तहसील दिवस में उठी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें, यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बुधवार को मंडी प्रांगणजसपुर में आयोजित तहसील दिवस में सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को समय से निस्तारण करते हुये सीएम जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में नहर सफाई, नाली सफाई, सड़क, बिजली, पानी, जल भराव, राशन कार्ड, आवास, पेंशन आदि से सम्बन्धित 101 शिकायतें/मांग पत्र पंजीकृत हुई जिसमे से 53 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की जो समस्या है उसे उसी स्तर पर ही समाधान करें ताकि लोगों को अनाश्यक इधर-उधर कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में नितिन कुमार ने सन्यासियोवाला नहर की पटरी को कब्जामुक्त कराने, अनिल कुमार जोशी ने शमशान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, ग्राम प्रधान भोगपुर सिमरनजीत ने तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने, अनिल कुमार नागर ने खसरा सं0 259 को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को सर्वे एवं जांच कराकर आवश्यक



कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिवचरन सिंह ने वर्षा के कारण गन्ने की फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारी को सर्वे कराकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। समस्त कालोनी वासी लक्ष्मीनगर वार्ड नं0-5 ने सड़क निर्माण की मांग, नई बस्ती वार्ड नं0 18 वासियों ने नाली व सीसी रोड निर्माण की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सर्वे कर सड़क व नाली को ठीक करने के निर्देश दिये। समस्त ग्रामवासी गढ़ीनेगी ने सतसंग भवन के चारो ओर पानी निकासी की मांग रखी जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को शीघ्र पानी निकासी कराने के निर्देश दिये। चौ0 रवि सिंह ने ठाकुर मंदिर से अतिक्रमण हटाने की मांग रखी जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को अतिक्रमण चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इमराना व शबाना निवासी नई बस्ती ने राशन कार्ड बनाने की मांग रखी जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, विद्युत, जल संस्थान, नगर पालिका, सहकारिता, कृषि, बाल विकास, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारियां दी गयी व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच कर दवाईयां वितरित की गई। तहसील दिवस में क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान, पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, तहसीलदार सुभांगनी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, एसीएमओ डॉ0 एसपी सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# अंकिता भंडारी की बरसी पर कांग्रेस ने किया उपवास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी की दूसरी बरसी पर न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस ने मौन उपवास किया। मौन उपवास के बाद विपक्ष राहुल गांधी को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा गई अनर्गल बयानबाजी और उन्हें जान से मारने की धमकी से आक्रोशित कांग्रेसियो ने विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में भाजपा का पुतला फूंका। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को गुजरे दो साल हो गये है और भाजपा सरकार वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक करने और सीबीआई जाँच की मांग पर मौन है। इस मौन से भाजपा सरकार को जगाने और बहन अंकिता को न्याय दिलाने के दृढ़ संकल्प संग सब कांग्रेसी मौन उपवास कर उत्तराखंड की बेटी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।नेता विपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि यह भाजपा का असली चरित्र है। यह सिर्फ एक नेता पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आवाज को दबाने की एक कोशिश है, जिसे हम कभी सफल नहीं होने देंगे। कांग्रेस जन भाजपा की तानाशाही, अन्याय और गुंडागर्दी का पुरजोर विरोध करेंगे। कांग्रेस का हर सिपाही सत्य और न्याय की राह पर डटा रहेगा, चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आएं। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि विगत दो वर्षों से उत्तराखंड वासी अंकिता भंडारी के न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। मौन उपवास का आयोजन न केवल अंकिता के लिए न्याय की मांग को दोहराने का एक शांतिपूर्ण माध्यम है, बल्कि यह सरकार और प्रशासन को भी जगाने का प्रयास है, जो अब तक इस मामले में ठोस कार्रवाई करने में असफल रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक हो और पीड़िता के परिवार को न्याय मिले। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि दो साल तक अंकिता भंडारी को न्याय ना मिलने से राज्य की कानून व्यवस्था और सरकार की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले की सीबीआई जाँच ना होने से जनता में गहरा आक्रोश है। मौन उपवास के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि अंकिता भंडारी के मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़िता के परिवार को न्याय मिल सके और प्रदेश की जनता में कानून व्यवस्था पर विश्वास बहाल हो।मौन उपवास कार्यक्रम में महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, कमला सनवाल, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, भागीरथी बिष्ट, नीमा भट्ट, राधा आर्य, दीपा बिष्ट, भगवती जोशी, रमा शर्मा, मीनाक्षी नयाल, विमला सांगूड़ी, दीपा टम्टा, सविता गुरुरानी, गीता बहुगुणा, रेनू तोमर, पुष्पा मेहता, राजो टंडन, निर्मला जोशी, जया पाठक, मुन्नी पंत, पुष्पा नेगी, पुष्पा सम्मल, माया, शशि वर्मा, माला, गोविंदी लोबियाल, संगीता, प्रीति आर्य, मंजू बिष्ट, हरीश मेहता, मलय बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, हरेंद्र बोरा, प्रकाश पांडे, हेमवतीनंदन दुर्गापाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, पार्षद जाकिर हुसैन, कुंदन नेगी, हेमन्त बगडवाल, हेमन्त पाठक, संजय किरौला, गोविंद बगडवाल, भोला दत्त भट्ट, नरेश अग्रवाल, राजेन्द्र खनवाल, मयंक भट्ट, गिरीश पांडे, सुहैल सिद्दीकी, राजेन्द्र बिष्ट, सौरभ भट्ट, नवीन सांगूड़ी, हेम जोशी, महेश कांडपाल, किरन माहरा, मन्नू गोस्वामी, रवि पांडे, गिरीश तिवारी, मोना शर्मा, रवि जोशी, विनोद दानी, मुकुल बलुटिया, रोहित प्रकाश, महेशानंद, हेम दुर्गापाल, हरीश पनेरू, ललित जोशी, संदीप भैसोड़ा, अमित रावत, राजू सुयाल, बबलू बिष्ट, आशीष कुडाई, सन्नी सेठी, जगमोहन बगडवाल, लक्ष्मीकांत, विनोद कुमार पिंनु, तौफीक अहमद, सुशील डुंगरकोटी, गोविंद बिष्ट, राजू बिष्ट, चंदन बिष्ट, कौशलेंद्र भट्ट, कैलाश साह, विक्की छिमवाल, मनोज भट्ट, जीवन बिष्ट, शेरदिल, प्रदीप कुमार, सूरज बिष्ट, रक्षित शर्मा, अशोक जोशी, दिवेश तिवारी, कोमल जायसवाल, नरेंद्र पनेरू, अबरार सिद्दीकी, दीप पाठक, हाजी इस्लामुद्दीन, संजू उप्रेती, संदीप जोशी, खजान पाण्डे, जिज्ञासु भट्ट, सुमित कुमार, संजय बिष्ट, जीवन कार्की, तस्कीन अहमद, सीएम पांडे, गजेंद्र गोनिया, धर्मवीर, त्रिलोक बनोली, संजय शेखर, विक्रम रंधावा, कमलेश पांडे, नीरज तिवारी, नेत्र बल्लभ जोशी, कैलाश दुम्का, विशाल भोजक, हेमन्त साहू, हरेंद्र क्वीरा, चंदन भाकुनी, गणेश टम्टा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।




# बढ़े बिल से गुस्साए लोगों ने पेयजल निगम कार्यालय घेरा

हल्द्वानी । वार्ड 59 के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू व 60 के निवर्तमान पार्षद मनोज मठपाल के नेतृत्व में बढ़े पानी के बिलों से आक्रोशित वार्डवासियों ने होंडा शोरूम के पीछे स्थित उत्तराखंड पेयजल निगम के कार्यालय का घेराव कर विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध जमकर नारे बाजी की। इस दौरान लोगों की अधिकारियों तथा ठेकेदारों से जबरदस्त नोक झोंक भी हुई । वार्ड 59 के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू का कहना था कि ठेकेदारों की मनमानी की वजह से उक्त बिल गलत आ रहे हैं। उनके द्वारा रखे गए लड़के गलत रीडिंग ले जा रहे हैं एवं बिल बांटने के लिए जो भी युवक रखे गए हैं वह भवन स्वामी को सूचना न देकर घर के अंदर बिल फेक जा रहे हैं। आक्रोशित जनता को जेई महेश चंद्र जी ने समझाने की काफी कोशिश की मगर आक्रोशित लोग बगैर कार्रवाई के किसी भी बात को सुनने को तैयार नहीं हुए। उसके पश्चात ज्योति पालनी मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि पिछले 3 महीने के जो बिल आए थे वह सही होने के लिए देहरादून गए हैं। वह जब तक सही होकर नहीं आएंगे तब तक 3 महीने के बिल जमा नहीं किए जाएंगे। उन्होंने जल्द ही उसके अलावा तमाम और समस्याओं का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर मनोज जोशी, दिनेश सिंह नेगी, फिरोज खान, जाहिद बाबा, पुष्पा चौहान , जमशेद सिद्दीकी, अकरम , खालिद हुसैन, इल्यास, भूरा, मोहम्मद शफी, सलीम खान सहित तमाम लोग मौजूद थे



# स्कूटी में 2.407 किलो चरस ले जाता तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को स्कूटी के डिग्गी में अवैध चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे "ड्रग फ्री देवभूमि मिशन- 2025ʺ अभियान को सार्थक करने हेतु एस एसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाने हेतु चप्पे-चप्पे पर सघन चौकिंग अभियान चलाते हुए नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। एसओजी प्रभारी संजीत राठौर एवम कोतवाली पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चौकी मण्डी क्षेत्रान्तर्गत अर्जुनपुर जाने वाले रास्ते पर चौकिंग के दौरान स्कूटी संख्या डी एल 12 एस एम 3273 को चौक किया गया तो स्कूटी की डिग्गी से अवैध 2.407 किग्रा. चरस बरामद हुई। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम पता जोगा सिंह पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी ग्राम नामिक थाना नाचनी जिला पिथौरागढ हॉल निवासी गोरापडाव बताया। उसका कहना था कि वह यह चरस बागेश्वर निवासी व्यक्ति से लाया है। पुलिस ने चरस कब्जे में लेकर स्कूटी सीज कर दी और नशा तस्कर जोगा सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजीत राठौड़ प्रभारी एसओजी, उपनिरीक्षक श्याम सिंह चौकी मण्डी, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, एसओजी,कांस्टेबल चंदन नेगी एसओजी, कांस्टेबल अमर सिंह आदि शामिल थे।



# पर्युषण पर्व पर जैन समाज ने निकाली भव्य रथ यात्रा

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। जैन समाज द्वारा गत दिवस पर्युषण पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने शहर में भव्य रथ यात्रा भी निकाली। इससे पूर्व समाज के लोग श्री शांतिनाथ प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर में एकत्रित हुए जहां उन्होंने चल रहे पर्युषण पर्व में क्षमावाणी पर्व मनाया। इसमें जैन समाज के माता पिता के पद प्राव क्षालन करके क्षमावाणी पर्व मनाया गया। जिसके पश्चात शहर में रथ यात्रा निकाली गई जो नगर के अनेक मार्गों से होकर गुजरी। सायंकाल भगवान जी की 108 दीपकों द्वारा आरती की गई। जयपुर से पधारे कुशाल जैन शास्त्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि क्षमा वीरों का आभूषण है। क्षमा के बिना धर्म अधूरे हैं। उन्होंने कहा श्री जी की रथ यात्रा में शामिल होने का अवसर सौभाग्य से मिलता है। इस दौरान समाज के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।





# सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर मिलनदीप को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)।केलाखेड़ा के युवक मिलनदीप सिंह के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके निवास पर पहुंचकर परिवारजनों को शुभकामनाएं प्रेषित कर मिलनदीप सिंह को सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि ष्यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि



उनके क्षेत्र का एक प्रतिभाशाली युवा भारत देश की सेवा लेफ्टिनेंट के रूप में करेगा और यह अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देने का कार्य करेगा। इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान विधानसभा सहयोगी सुभाष गुंबर, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कलरा, भाजपा नेता अजय शर्मा ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष स्नेहिल कालराआदि थे।

# बाइक की किश्त जमा नहीं करने पर तीन माह का कारावास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फाईनेंस की गयी बाइक की किश्त जमा नहीं करने के मामले में एक व्यक्ति को न्यायालय ने तीन माह का कारावास और 65 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री राम सिटी यूनियन फाईनेंस लि0 की रूद्रपुर शाखा ने एक चैक का मुकदमा धर्मेन्द्र कुमारनिवासी ग्राम गिद्धपुरी छिनकी किच्छा के विरूद्ध माननीय चतुर्थ अपर सिविल जज प्रवर खण्ड रूद्रपुर में दाखिल किया था। जिसमें बताया गया कि धर्मेन्द्र कुमार ने कंपनी से टू व्हीलर खरीदने हेतु लोन लिया था। लोन की किश्तें समय से जमा नहीं की जा रही थी। कंपनी की देनदारी के लिए धर्मेन्द्र ने कंपनी को पंजाब एण्ड सिंध बैंक के खाते का एक 56031 का चैक दिया था। कंपनी ने अपने पैनल एण्डवोकेट सूरज सक्सेना के माध्यम से न्यायालय में वाद दायर करवाया। पैनल अधिवक्ता ने वाद के समर्थन में कंपनी के विधिक अधिकारी को गवाह के रूप में पेश कर वाद को साबित कर दिया। जिस पर चतुर्थ अपर सिविल जज प्रवर खण्ड द्वारा अभियुक्त को तीन माह का साधारण कारावास तथा 65 हजार का जुर्माना जिसमें 5 हजार सरकारी खाते में जमा करने के आदेश से अभियुक्त को दण्डित किया।

# रामनगर की ग्राम सभाओं में देवभूमि व्यापार मंडल इकाई गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल रामनगर ईकाई की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुवर व प्रदेश महामंत्री राजकुमार केशरवानी के निर्देशानुसार रामनगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष विपिन काण्डपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे रागनगर नगर पालिका क्षेत्र में जुडी पाँच ग्राम सभाएँ कानिया, गोजानी, चोरपानी, शिवलालपुर रियूनियाँ, शिवलालपुर पाण्डे आदि क्षेत्रो में रामनगर व्यापार मण्डल का विस्तार होने पर व्यापार मण्डल के सभी पदाधिकारीयो ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने संकल्प लिया कि नये शामिल क्षेत्रों से हम व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमेशा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगे। इन क्षेत्रो में अपना सदस्यता अभियान चलायेगे। जिसमे व्यापार गण्डल के सभी पदाधिकारी अपनी भागीदारी निगायेगे। बैठक में कुछ नये सदस्यों को व्यापार अध्यक्ष विपिन काण्डपाल ने व्यापार मण्डल की सदस्यता ग्रहण करायी। जिसमे विकास सक्सेना, रिजवान कुरैशी, गहेश भारद्वाज, कमल बिष्ट, मुजाहिद खान, फरीद कुरैशी, मदन मोहन कशमीरा, सोमिल रावत, नीरज बिष्ट आदि शामिल थे। इस अवसर पर व्यापार मण्डल उपाध्यक्ष दीप जोशी (गुकुल), नगर महिला अध्यक्षा हुस्नतारा, व्यापार मण्डल संरक्षक राजेन्द्र महरा, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र महरा, जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार, पूरन कोहली, महामन्त्री शेखर नैनवाल, अमित अग्रवाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सामाजिक और आर्थिक जनगणना

देश में जनगणना लंबे समय से लंबित है। सरकार अब इसकी योजना बना रही है। विपक्षी दलों ने जाति के आधार पर जनगणना कराने की मांग उठाई है। धीरे-धीरे यह बड़ा मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इसकी आवश्यकता जताई है। सरकार ने संकेत दिया है कि इस मुद्दे पर काम हो रहा है। वर्ष 2011 में जनगणना कराई गई थी। तब से अब तक उसी समय के आंकड़ों से ही काम चलाने की मजबूरी है। हालांकि उन आंकड़ों को सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के पलड़े में अप्रभावी, अधूरी और खराब प्रकृति का माना गया। जनगणना के आंकड़ें संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है। खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन जैसी कई योजनाएं इनपर निर्भर होती हैं। आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं। बदलते समय के साथ देश के सामने नई चुनौतियां हैं, जिन्हें लेकर नीति निर्धारण की जरूरत है।ऐसे में जरूरी है कि जनगणना को लेकर सरकार महापंजीयक और अन्य एजंसियों के लिए नए मानक दिशानिर्देश तैयार करे। जून 2024 तक 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में से एक था जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं की थी। सरकार का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण यह कवायद नहीं की गई। हालांकि, 143 अन्य देशों ने इस काल में ही मार्च 2020 के बाद जनगणना की। संघर्ष, आर्थिक संकट एवं उथल-पुथल से प्रभावित यमन, सीरिया, अफगानिस्तान, म्यांमा, यूक्रेन, श्रीलंका और उप-सहारा अफ्रीका जैसे देशों ने जनगणना नहीं कराई। भारत में इस कवायद में देरी को लेकर सवाल उठे। यह तथ्य है कि वर्ष 1881 से 2011 तक बिना किसी बाधा के भारत में जनगणना कराई गई। सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) पहली बार वर्ष 1931 में कराई गई थी। इसका उद्देश्य अभाव के संकेतकों की पहचान करने के लिए ग्रामीण और शहरी- दोनों क्षेत्रों में भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति के बारे में सूचनाएं जमा करना था। एसईसीसी में संग्रहित जानकारी सरकार द्वारा परिवारों को लाभ देने या लाभ से वंचित करने में फैसले के लिए आधार बनती है। बहरहाल, जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर बहस जारी है। देश के कई हिस्सों में अभी भी जाति-आधारित भेदभाव है। ऐसे में विभिन्न जाति समूहों के वितरण को समझकर, सामाजिक असमानता को दूर करने और हाशिये पर रह रहे समुदायों के लिए लक्षित नीतियां बनाई जा सकती हैं। इसके विरोध में यह तर्क दिया जा रहा है कि जाति-आधारित भेदभाव बढ़ सकता है, जाति व्यवस्था के सबल होने की आशंका है। इसे रोकने के लिए जातिगत पहचान की जगह सभी नागरिकों के लिए व्यक्तिगत अधिकारों और समान अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत में जातियों को परिभाषित करना जटिल मुद्दा है, क्योंकि यहां हजारों जातियां और उपजातियां हैं। जरूरी यह है कि मुद्दों में न उलझते हुए नीति निर्धारण पर ध्यान दिया जाए। निश्चित समय सीमा तय की जाए। जनगणना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है। पहले ही काफी देर हो चुकी है। अब और देर उचित नहीं।

# ग्राहक बनकर डीएम ने किया ओवररेटिंग का भंडाफोड़

## मैक डॉवेल की बोतल में बीस रूपये की ओवररेटिंग, पचास हजार का काटा चालान

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। देहरादून की सड़कों पर अपना सिंघम अवतार दिखाने के बाद अब डीएम सविन ओवर रेटिंग की शिकायत पर खुद ही ठेके पर ग्राहक बनकर पहुंच गए। इतना ही नहीं औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने खुद ओवररेटिंग का भंडाफोड़ कर दिया। मैक डॉवेल की बोतल देने को कहा तो सेल्समैन ने उनसे 680 रुपये लिए। जिलाधिकारी ने एमआरपी देखी तो 660 थी। इस तरह जिलाधिकारी को 20 रुपये की ओवर रेटिंग मिली। जैसे ही अन्य स्टाफ ठेके पर पहुंचा तब पता चला कि पैंट शर्ट पहने ये ग्राहक सामान्य नहीं बल्कि जिलाधिकारी खुद हैं। इसका पता चलते ही ठेके के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने ठेका संचालक का 50 हजार रुपये का चालान कर दिया। दरअसल, शराब ठेकों पर लगातार ओवर रेटिंग की



शिकायत मिल रही है। अधिकारी छापा मारते हैं तो ओवर रेटिंग एक दो दिन बंद होती है इसके बाद फिर संचालक अपने पुराने ढर्रे पर चल पड़ते हैं। अब नए जिलाधिकारी को भी शराब के ठेकों पर ओवर रेटिंग की शिकायत मिली। कार्रवाई के लिए खुद जिलाधिकारी मैदान में उतर गए। उन्होंने आवास से एक प्राइवेट वाहन लिया और उसे खुद ही चलाकर ओल्ड मसूरी रोड अंग्रेजी शराब के ठेके पर पहुंच गए। सामान्य कद काठी वाले अधिकारी को देखकर किसी को पता नहीं चला कि यह शख्स जिलाधिकारी है। जिलाधिकारी ने कुछ बोतलों के दाम पूछे तो सेल्समैन ने उन्हें हर बोतल के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने वहां मैक डॉवेल की बोतल देने को कहा। ठेकेदार ने 680 रुपये जिलाधिकारी से ले लिए। उन्होंने देखा कि इस पर एमआरपी 20 रुपये कम है। थोड़ी देर बाद ही पीछे से जिलाधिकारी का सरकारी काफिला भी पहुंच गया। एसडीएम व आबकारी की टीम पहुंची तब जाकर पता चला कि जिलाधिकारी ने दुकान पर छापा मारा है। इसके बाद जिलाधिकारी ने दुकान के अंदर स्टॉक आदि भी चेक किया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि दुकान संचालक का 50 हजार रुपये का चालान किया गया है। इसके साथ ही अधीनस्थों को शहर में अन्य जगहों पर भी छापे मारने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने वहां आसपास लोगों से भी जानकारी ली। हर व्यक्ति ने बताया कि ठेके पर आते हैं तो उनसे 20 से 25 रुपये अधिक लिए जाते हैं। सेल्समैन के सामने आपत्ति भी जताते हैं तो कहते हैं कि लेना हो तो लो नहीं तो कहीं और से ले लो। अगर प्रशासन की सख्ती की याद दिलाते हैं तो इधर उधर की बात कर टाल दी जाती है।

# ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना) की चौथी उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश भर के सभी कलेक्शन सेन्टर की वास्तविक उपयोगिता के सम्बन्ध में रिपोर्ट तलब की। उन्होंने सभी कलेक्शन सेन्टर की लोकेशन मैपिंग, उनके संचालन की स्थिति, वर्तमान में उनका कितना वास्तविक उपयोग हो रहा है, इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट सम्बन्धित विभाग से मांगी। उन्होंने रीप के तहत क्लेक्शन सेन्टर निर्माण की इकाई दरों के संशोधन के प्रस्ताव पर भी अनुमोदन दिया। इस दौरान मुख्य सचिव ने कृषि विभाग को पर्वतीय फसलों, दालों व मिलेट्स के सर्टिफाइड बीजों के उत्पादन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रोजेक्ट पर अनुमोदन देते हुए रीप के तहत इस क्षेत्र में 400 उद्यमियों को तैयार करने के लक्ष्य को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए। सीएस ने तेजपत्ता के दोहन व वैल्यू एडिशन की वैश्विक पद्धतियों का भीमताल व ओकलकान्डा ब्लॉकों में विस्तार करते हुए 500 उद्यमी तैयार करने, बकरी की नस्ल एवं मूल्य श्रृखंला उत्पाद विकास के तहत 728 उद्यमी तैयार करने, रेशम विभाग की सहायता से दून सिल्क धरोहर संरक्षण के तहत 300 उद्यमी तैयार करने, मुर्गीपालन हेतु मदर यूनिट व रियरिंग यूनिट स्थापना के माध्यम से 503 उद्यमी तैयार करने, मशरूम कम्पोस्ट व उत्पादन इकाई के तहत 402 उद्यमी तैयार करने के कुल 6033.59 लाख रूपये के प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया। मुख्य सचिव ने रीप परियोजना के तहत अधिकाधिक स्थानीय महिलाओं को घरेलू पशुओं के स्वास्थ्य कर्मियों रूप में प्रशिक्षित करते हुए 2400 पशु सखी किट वितरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए इस लक्ष्य को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के कार्य के बोझ को कम करने के उद्देश्य से 2000 ग्राम संगठनों को राष्ट्रीय निविदा से छोटे व उन्नत कृषि/उद्यान यंत्रों के वितरण के प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए इस सम्बन्ध में विभाग को निर्देश दिए। सीएस ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में लैंगिक संवेदनशीलता को प्राथमिकता पर रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कलस्टर लेवल फेडरेशन (सीएफएल) में में उन्नत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के साथ ही इनके माध्यम से स्थानीय लोगों विशेषकर महिलाओं फाइनेशियल लिटरेसी व साइबर सिक्योरिटी का भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।इस दौरान बैठक में सचिव श्रीमती राधिका झा, श्री धीराज गर्ब्याल, अपर सचिव श्री मनुज गोयल, श्री विनीत कुमार सहित सभी उपायुक्त व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# न्यायपालिका को 'सरकार' के 'हाथ बांधने' से बचना होगा!

क्या देश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों के समानांतर न्यायपालिका अपने हिसाब से देश को चलाना चाहती हैं। क्या यह अदालते तय करेगी कि जनता द्वारा चुनी गई सरकारों पर उनके किसी आदेश को कैसे तवज्जो मिलना चाहिए। कैसे किसी सरकार को कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए अपराधियों पर अंकुश लगाना है यह तय करना सरकार का काम है। वह सबसे अधिक जनता के प्रति जवाबदेह होती है। हर पांच साल पर जनता उसके(सरकार) कामकाज की समीक्षा करती है। तब यह नहीं देखा जाता है कि कोर्ट के तमाम आदेशों से सरकार को कामकाज में कितनी परेशानी का सामना करना पड़ा था। यह सही है कि यदि कोई सरकार संविधान के खिलाफ कार्य करती है तो न्यायपालिका उसे ऐसा करने से रोकें,लेकिन अदालतें किन्हीं दो-चार या इससे कुछ अधिक घटनाओं के आधार पर किसी सरकार के खिलाफ कोई अवधारणा बनाकर उसके हाथ नहीं बांध सकती है। इससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं,जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। फिर न्यायपालिका केन्द्र और राज्य सरकारों को लताड़ लगाती हैं कि वह कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही हैं। यह कैसे हो सकता है कि एक तरफ सुप्रीम कोर्ट की मात्र दो जजों की खंडपीठ पूरे देश में बुलडोजर न्याय पर रोक लगा देती है तो दूसरी ओर करीब-करीब उसी समय बॉम्बे उच्च न्यायालय बच्चों व महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में पुलिस के अगंभीर रवैये पर सवाल खड़ा करती है। बता दें 17 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से गैरकानूनी ध्वस्तीकरण पर चिंता जताते और इसे संवैधानिक मूल्यों के विरूद्ध बताते हुए इस पर पहली अक्टूबर यानी अगली सुनवाई तक के लिये रोक लगा दी है। सुप्रीम अदालत ने कहा अगर अवैध ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है वह संवैधानिक मूल्यों के विरूद्ध है। कोर्ट की इजाजत के बगैर कोई संपत्ति नहीं ढहाई जाएंगी, जिसमें किसी अपराध में आरोपित की संपत्ति भी शामिल है। यह आदेश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपराध के आरोपितों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया। हालांकि उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अंतरिम आदेश का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि कोर्ट के सामने यह धारणा पेश की जा रही है कि किसी अपराध में आरोपित समुदाय विशेष के लोगों की संपत्तियां ही ढहाई जा रही है, जबकि वह उदाहरण दे सकते हैं कि मध्य प्रदेश में हिंदुओं के घर भी ढहाए गए हैं। उन्होंने कहा कि याची ऐसा एक भी उदाहरण पेश करें जिसमें कानून का पालपन नहीं किया गया है,लेकिन कोर्ट ने सरकारी पक्ष के विरोध को दरकिनार कर दिया और कहा कि एक सप्ताह तोड़फोड़ नहीं होगी तो क्या हो जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सार्वजिनक संपत्ति जैसे सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइनों या जल निकायों आदि का अतिक्रमण तोड़े जाने पर यह रोक लागू नहीं होगी। मतलब साफ है कि न्यायपालिका सिर्फ उस अवैध निर्माण को बचा रही है जो उन ताकतवर लोगों ने किया हैं जो बड़े से बड़ा गुनाह करने के बाद अपने गुनाहों के खिलाफ उच्च स्तर पर पैरवी कर सकते हैं, जिन्होंने नजूल की जमीन पर अपना साम्राज्य खड़ा कर रखा है। अपराध जिनकी आदत बन गया है। अच्छा होता कि बुलडोजर पर रोक



लगाने के साथ सुप्रीम कोर्ट इस ओर भी ध्यान देती कि कैसे अपराधियों को जल्द से जल्द उसके अपराध की सजा मिल जाये,लेकिन इस ओर अपवाद को छोड़कर कभी किसी अदालत ने ध्यान नहीं दिया,जिसके कारण अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है और इसका ठीकरा सरकारों के ऊपर थोप दिया जाता है। पीठ ने कहा कि तत्काल प्राथमिकता प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है ताकि न तो अधिकारी और न ही कोई व्यक्ति किसी कमी का फायदा उठा सके। कार्यपालिका न्यायधीश नहीं हो सकती और अदालत द्वारा जारी निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे पीठ ने कहा उसने दो सिंतबर ही स्पष्ट कर दिया था कि अदालत सार्वजिनक सड़क या स्थान पर किसी भी अनाधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगी। फुटपाथ के लिए हम कहेंगे कि नोटिस भी जरूरी नहीं है। अगर कोई धार्मिक ढांचा भी है तो उसे गिरा दें,तो फिर अवैध निर्माण पर कार्रवाई के खिलाफ क्यों न्यायपालिका आदेश पारित करती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सिर्फ किसी अपराध में आरोपित होना संपत्ति ध्वस्तीकरण का आधार नहीं होता। कार्रवाई म्युनिसिपल ला के उल्लंघन पर कानूनी प्रक्रिया के तहत की जाती है। प्रदेश सरकार के हलफनामे में लिए गए स्टैंड की कोर्ट ने सराहना की,लेकिन फैसला उसके पक्ष में नहीं सुनाया यह भी एक इत्तेफाक है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब देश में बुलडोजर एक्शन चर्चा का विषय बना है। आपातकाल के दौरान देशभर में 4039 इमारतों पर बुलडोजर चलाया गया था। 1978 में शाह आयोग ने अपनी तीसरी और अंतिम रिपोर्ट में कहा था कि दिल्ली में अधिकांश इमारतें संजय गांधी के आदेश से गिराई गईं। वहीं, अन्य राज्यों में उन्हें खुश करने के लिए यह काम किया गया था।शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देशभर में हुई बुलडोजर कार्रवाई में दिल्ली शीर्ष पर थी। अकेले दिल्ली में 1248 इमारतें ढहाई गईं। मध्य प्रदेश में 628, उत्तर प्रदेश में 425, हरियाणा में 300, उड़ीसा में 251, बिहार में 226, पश्चिम बंगाल में 204 और राजस्थान में 163 इमारतें गिराई गई थीं। शाह आयोग की रिपोर्ट में अन्य राज्यों का ब्योरा भी दिया गया था। इसमें बताया गया था कि गंदी बस्तियों को हटाने और नगरों के सुंदरीकरण के लिए बुलडोजर से तोड़फोड़ की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कई जगह मनमानी हुई थी तो काफी मामले अमानवीय भी थे। देशभर में चंद घंटों के नोटिस पर ही हजारों परिवार उजाड़ दिए गए थे। उधर,सुप्रीम कोर्ट जब बुलडोजर कार्रवाई पर रोक के साथ अवैध कब्जेदारों के प्रति थोड़ा संवेदनशील नजर आ रही थी तभी बच्चों व महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में पुलिस के अगंभीर रवैये पर बॉम्बे उच्च न्यायलय चिंता व्यक्त कर रहा था। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में एक संवेदनशील मुद्दे की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उल्लेखनीय है कि देश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। जिसकी पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी करते हैं। इनके अनुसार, पिछले दस वर्ष में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में 75 फीसदी की वृद्धि हुई है। कुछ हफ्ते पहले ही जिला अदालतों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भी महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को एक ज्वलंत मुद्दा बताते हुए ऐसे मामलों में त्वरित न्याय की बात उठाई थी। बच्चों के मामले में तो आंकड़े और भी ज्यादा खतरनाक हैं। एनसीआरबी के अनुसार, 2022 में देश में हर घंटे बच्चों के खिलाफ औसतन 18 अपराध हुए, जो एक भयावह स्थिति है। यह स्थिति इसलिए भी खतरनाक है, क्योंकि 2022 की तुलना में 2023 में कुल अपराधों की संख्या में कमी आई है, लेकिन केवल बच्चों के खिलाफ अपराधों में नौ फीसदी की वृद्धि हुई है। साइबर अपराधों ने इसे और गंभीर बना दिया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में पाया गया है कि 2022 में बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध के जो मामले दर्ज किए गए, वे 2021 की तुलना में 32 फीसदी अधिक हैं। दरअसल बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियां, खासकर सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफार्म पर बढ़ती मौजदूगी, उन्हें साइबर अपराधियों का आसान शिकार तो बन रही है, फिशिंग, हैकिंग, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाल रहे हैं। साइबर अपराधों में बच्चों के फंसने का एक बड़ा कारण उनकी इंटरनेट तक आसान पहुंच और उनमें डिजिटल साक्षरता की कमी होना है बच्चों में गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलने में कोविड महावारी के दौर का भी योगदान है, जब करोड़ो बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल के संपर्क में आए थे। दरअसल, देश में संबंधित कानून होने के बावजूद तकनीकी विकास की वजह से साइबर अपराधों की बढ़ती जटिलता एक चुनौती बनी हुई है। ऐसे में, कानून प्र्वतन एजेंसियों को सतर्कता से काम करना ही होगा, लोगों को भी अपने डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक होना होगा। कुल मिलाकर, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है लेकिन यह भी ध्यान रखना चाहिए कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के प्रयास केवल सरकार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सामजिक बदलाव की भी मांग करते हैं। न्यायपालिका को भी बढ़ते अपराधों के लिये सरकार पर टिप्पणी करने के बजाये इस ओर ज्यादा ध्यान देना चाहियें कि कैसे अपराधी को जल्द से जल्द सजा सुनाई जाये।

**-संजय सक्सेना**

# समस्याओं का समाधान नहीं होने पर दिया धरना

बागेश्वर(उद संवाददाता)। शामा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पहुंचा। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र कोरंगा के नेतृत्व में शामा क्षेत्र के वाशिंदों के साथ अपनी समस्याओं को लेकर जल्द जनसमस्याएं और उनका तत्काल निराकरण की मांग जिलामुख्यालय पहुंचे जहा उन्होने भराड़ी टैक्सी स्टैंड से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल जुलूस निकाला। कपकोट क्षेत्र के आपदा प्रभावितों को आवष्यक मदद राशि दिए जाने समेत सड़क, शिक्षा, स्वास्थ, बदहाल संचार सुविधाएं सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी कार्यालय में दो दिवसीय धरना प्रारंभ कर दिया। ग्रामीणों ने अब अपनी मांगों की पूर्ति और जनसमस्याओ के समाधान नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है , क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि यदि मांग न मानी तो ग्रामीण इसके बाद भूख हड़ताल प्रारंभ कर देंगे।सभा में वक्ताओं ने कहा कि शामा जिपं क्षेत्र के गांवों में नौ घर पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो चुके हैं परंतु सरकार द्वारा जो




राशि इनके लिए स्वीकृत की गई है उससे वे शौचालय तक नहीं बन सकते है। उन्होंने आपदा प्रभावितों को हुए नुकसान का बाजार भाव से मुआवजा प्रदान किए जाने, कापड़ी व लीती के कीमू तोक के लोगों को विस्थापित किए जाने, क्षेत्र की सड़कों को खोले जाने व उनकी मरम्मत किए जाने, शामा उप तहसील में कर्मचारियों की तैनाती करके जनता को सुविधाएं लाभ प्रदान किए जाने, क्षेत्र की शिक्षा व स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किए जाने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र में पशु चिकित्सालय स्थापित किए जाने, गांवों में पर्याप्त संचार सुविधा प्रदान किए जाने की मांग की। कहा कि इस संबंध में ग्रामीण कई बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करते रहे हैं परंतु सरकार ने अब तक उनकी नहीं सुनी है। आपदा में सर्वाधिक प्रभावित होने के बाद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है तथा जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करने में गंभीर नहीं है। कहा कि यदि दो दिन तक धरने के दौरान मांग न मानी गई तो ग्रामीण अनिष्चितकालीन आमरण अनशन प्रारंभ कर देंगे। इस दौरान प्रकाश कोरंगा, रमेश दानू, महेश कोरंगा, मोहनी कोरंगा, गोविंद सिंह शामिल थे। इधर कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने भी क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को जायज बताते हुए सब कुछ संभव के दावे पर सवाल उठाते हुए धरातलीय सच्चाई कुछ और होने, पर्व में स्वीकृत योजनाओं का निर्माण होने, शामा क्षेत्र की उपेक्षा होने और जल्द क्षेत्रीय समस्याओं का निराकरण नही होने पर खुद भी ग्रामीणों के साथ अनशन में बैठने की चेतावनी दी। वहीं पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने भी आंदोलन स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

# समाजसेवी सावेद अंसारी ने आवारा गोवंश को बचाया

गदरपुर/दिनेशपुर (उद संवाददाता)। काली नगर रोड दिनेशपुर नगर पंचायत के सामने बड़े नाले में आवारा गोवंश गिर गया जिसकी सूचना गदरपुर के युवा समाजसेवी सावेद अंसारी को लगी तो व तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद आवारा गोवंश को नाले से बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह 10:30 बजे सावेद अंसारी को सूचना मिली की काली नगर रोड नगर पंचायत दिनेशपुर के सामने एक बड़े कच्चे नाले में आवारा गोवंश गिर के फस गया है इसके बाद सावेद अंसारी मौके पर कुछ लोगों के साथ पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आवारा गोवंश को बाहर निकाला और बेजुबान की जान बचाई। जान बचाने की कुछ वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है जिस पर लोग जमकर सावेद अंसारी की सराहना कर रहे हैं इस दौरान साथ में समीर मंडल,संजय सरकार,तरुण,राकेश,सोनू मौजूद रहे।



# शिव सेना विधायक के खिलाफ दी तहरीर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। शिव सेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ के उस बयान से कांग्रेस में उबाल आ गया है जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जीभ काटने पर इनाम की घोषणा की है।वही एक नेता के तौर पर शिव सेना विधायक ने अमर्यादित होकर लोकसभा में नेता प्रति पक्ष और कांग्रेस नेता के खिलाफ दिए गए विवादित बयान पर तीखी टिप्पणी कर ऐसे नेता के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। विरोध मेंकांग्रेस ने गांधी पार्क में धरना दिया व कोतवाली में विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन रोड स्थित गांधी मूर्ति पर पहुंचे। इसके बाद वे कोतवाली पहुंचे तथा उन्होंने पुलिस को प्राथमिकी सौंपी। कहा कि शिव सेना के सांसद संजय गायकवाड़ द्वारा राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को ग्यारह लाख रूपये के ईनाम की घोषणा की है जो कि अव्यवहारिक है। कहा कि यह कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि उक्त विधायक की अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के अनर्गल बयान न दे सके। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, महामंत्री कवि जोशी, संजय चन्याल, कुंदन गिरी, राजेंद्र सिंह परिहार, दिव्यांशु कुमार, विनोद पाठक, हरीश त्रिकोटी, फिरोज खान, गणेश कुमार, गीता रावल, इंद्रा पांडे, ललित गोस्वामी, संस्कार भारती आदि उपस्थित थे।



# मनोज हत्याकाण्ड की सीबीसीआईडी जांच के लिए प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।वाहन चालक मनोज के मौत की गुत्थी अब तक नही सुलझने और मनोज को मारकर उसके शव को वाहन के केरियर में लटके होने के बाद परिजनों ने वाहन चालक मनोज की हत्या होने और मृतक द्वारा एक वीडियो भी जारी कर अनहोनी की आशंका जताई थी, जिसके आधार पर परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद मामले का पर्दाफाश नहीं हो पाने और आरोपियों के खिलाफ कठोर कारवाई नही हो पाने पर नाराजगी जताई है। मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया।परिजनों ने मामले की सीबीसीआईडी जांच कराने की मांग की है। वही जल्द जांच नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।मालूम हो कि दो महीने पहले भैरूचौबटटा निवासी मनोज का शव जीप के कॅरियर पर लटका मिला था। परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया था। इसके बाद राजस्व पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। बाद में जांच रेग्यूलर पुलिस को सौंपी गई। पुलिस ने हत्या के मुकदमे को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया।



इससे मृतक के परिजन नाराज हो गए। उन्होंने तब भी प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया था कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा। बुधवार को मृतक के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रदर्शन किया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने भी अपना समर्थन देते हुए मौत के असल कारणों का खुलासा और मामले में सीबीसीआईडी जॉच कर मामले का खुलासा करने की मांग को जायज ठहराया। वही परिजनों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की सीबीसीआईडी जांच की मांग की है। इस मौके पर केशर राम, दिनेश चंद्र, गोकुल कुमार, जोगा राम, भाववा देवी, सोनिया, गीता देवी, तुलसी गंगा देवी,गंगा राम, रतन राम, सोनू, राजेंद्र राम, मोहन राम, रमेश राम गणेश राम आदि मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय में लगी भीषण आग,हादसा टला

चमोली(उद संवाददाता)। चमोली के गैरसैंण में गुरुवार तड़के उस समय हड़कंप मच गया जब राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में भीषण आग लग गई। आग की लपटे देख बच्चों की नींद खुल गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटना गुरुवार सुबह तड़के की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय की एक बिल्डिंग का



हॉल टीन और फाइबर का बना है। फैब्रिकेटेड हॉल में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हॉल के चार पार्ट हैं। तीन पार्ट में बच्चे सोये हुए थे और चौथे पार्ट में बच्चों के रजाई-गद्दे और कहल का सामान रखा हुआ था। शार्ट सर्किट होने से आग पूरे फैब्रिकेटेड हॉल में फैल गई। आग की तपिश से बच्चों की नींद खुली तो अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने अनुसार आग लगने से बच्चे या स्टाफ कर्मचारी को कोई हानि नहीं हुई है। कर्णप्रयाग के सीओ प्रमोद शाह के अनुसार आग लगने से स्टोर में रखे बच्चों के रजाई गद्दा, खेल सामग्री का सामान जल गया है। हालांकि जिस हगाह पर आग लगी है वो अस्थाई परिसर है। नवोदय विद्यालय के भवन का निर्माण अभी चल रहा है।

# मंदाकिनी नदी पर बैली ब्रिज को केंद्र की मंजूरी

देहरादून। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित कुंड में मंदाकिनी नदी पर बैली ब्रिज बनेगा। इस ब्रिज निर्माण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है। यहां पर स्थायी नया पुल बनाने की भी एनएच ने योजना बनाई है। कुंड पर मंदाकिनी नदी पर बना पुल महत्वपूर्ण है। यह कुंड से गौरीकुंड और चोपता आदि जगहों पर जाने के लिए यात्री इस्तेमाल करते हैं। इस वर्ष 31 जुलाई को अतिवृष्टि हुई थी। मंदाकिनी नदी के बहाव से पुल के एबटमेंट में कटाव हुआ, इसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से पुल पर आवागमन को रोक दिया गया था। बाद में 49 मीटर लंबे पुल के नीचे एबटमेंट में जैकटिंग कर पुल की मरम्मत की गई और आवागमन को शुरू किया। अब इसी पुल के समानांतर नया बैली ब्रिज बनाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अनुमति प्रदान कर दी है। इसके अलावा यहां पर नया स्थायी पुल बनाने को लेकर भी एनएच ने कवायद शुरू की है।

## पेज एक का शेष...

**बदसलूकी के खिलाफ...** युवक कहता सुना जा रहा है कि युवक के साथ हाथापाई नहीं करनी चाहिए थी। वहां मौजूद एक पुलिस कर्मी चालान मशीन लेकर खड़ा दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर लोग दरोगा के व्यवहार पर सवाल खड़े कर रहे हैं। दरोगा की हरकत के विरोध में गुरूवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों और सिख समाज के लोग आदर्श कालोनी चौकी आ धमके और उन्होंने चौकी प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने रोषित स्वर में कहा कि नगर की जनता पुलिस की वर्दी में गुंडों को बिल्कुल बर्दाशत नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श कालोनी के व्यापारियों के साथ ही आम जनता में चौकी प्रभारी की दबंगई के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा रात्रि 9 बजे ही चौकी प्रभारी क्षेत्र में ठेली कारोबारियों को दुकान बंद करने को कहते हैं। वहीं धार्मिक स्थानों में जाकर श्रद्धालुओं के वाहनों का चालान करने लग जाते हैं। राह गुजरते लोगों से पूछताछ के नाम पर अभद्रता करने लगते हैं। संजय ने आरोप लगाते हुए कहा कि चौकी प्रभारी के यह कारनामे देखकर ऐसा लगता है कि यह कोई पुलिस कर्मी नहीं बल्कि पुलिस की वर्दी में कोई गुंडा घूम रहा है। उन्होंने कहा कि यदि चौकी प्रभारी को दबंगई दिखाने का ही शौक है तो इन्हें देश की सीमा पर भेज देना चाहिए जहां यह सीमा पार के लोगों को अपनी दबंगई दिखा सकते हैं। यहां की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चेकिंग के नाम पर निर्दोष युवक के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया, जो कि मित्र पुलिस की छवि को भी खराब करने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि चेकिंग के नाम पर लोगों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जायेगा। चौकी में मौजूद एसपी सिटी मनोज कत्याल ने उन्हें कोतवाली में आकर वार्ता करने को कहा। जिसके बाद व्यापारी व सिख समाज के लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी दरोगा के निलंबन की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों को बताया गया कि चौकी इंचार्ज को लाईन हाजिर कर दिया गया है, लेकिन प्रदर्शनकारी निलंबन या जिले से बाहर भेजने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान मनोज छावड़ा, संदीप राव, रणजीत सागर, गौरव गांधी, चेतन अरोरा, रवि खनीजो, सनी मुंजाल, सचिन मुंजाल, अंग्रेज सिंह, लखविन्दर सिंह, सुखविन्दर सिंह, इन्द्रजीत सिह, अनिल रावत, मनोज मदान ,राजेश कामरा,विक्की सम्राट ,अमरीक सिंह, जोगेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, गुरविंदर सिंह, हरवीर सिंह, रवि अरोरा, इकबाल सिंह, जतिन नागपाल, मुदित गंभीर, अनमोल खुराना, प्रवीण बांगा , सचिन मुंजाल,सोनू गगनेजा, मनीष ठुकराल, विक्की आहूजा आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**हेट स्पीच के खिलाफ...**तेरा भी वही हाल होगा जो तेरी दादी का हुआ इस तरह के अल्फाज नेता प्रतिपक्ष के बारे में इस्तेमाल किया जाना यह दर्शाता है कि भाजपा गुंडागर्दी के बूते सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी तहरीर में मांग किया कि राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक तथा हिंसक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कोतवाली पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण चौहान, मुशर्रफ हुसैन, अलका पाल, इंदुमान, रोशनी बेगम, इलियास माहीगीर, शाह आलम, हनीफ गुड्डू नजमी अंसारी आदि दर्जनों शामिल रहे

**बदसलूकी करने वाले...**मीडिया पर आया है जिसमें दरोगा सिख समुदाय के युवक का कॉलर पकड़ते हुए दिखाई दे रहा है। इससे सिख समुदाय में रोष है। उन्होंने जिले के कप्तान से मांग की है कि प्रकरण की जांच कर आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। इस दौरान गुरविंदर सिंह भी मौजूद रहे।

**तमंचा और कारतूस..**को उसके कब्जे से 12 बोर का एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम ग्राम जगतपुर बाजपुर निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्की पुत्र बलवीर सिंह बताया। आवश्यक जानकारी जुटाना के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

**कारों से स्टंट...**तरीके से गाड़ी दौड़ाने पर बनभूलपुरा निवासी आदिल पुत्र जमाल, सिकंदर पुत्र जमाल और सामी के खिलाफ चालानी कारवाही अमल में लायी गयी है।बताया जा रहा है फेमस होने की चाहत में युवकों द्वारा नैनीताल रोड पर खतरनाक तरीके से गाड़ियों को ड्राइव किया गया जिसके चलते बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि कोई अनहोनी की घटना नहीं हुई। फेमस होने की चाह में थाने लाये गये तीनों वाहन चालकों की पुलिस ने हेकड़ी निकालते हुए सख्त वार्निंग दी है। यहां पुलिस ने युवकों की चाहत पूरी करते हुए फेमस भी कर दिया। एसएसपी ने कहा है कि अराजकता बिल्कुल बर्दाशत नहीं की जाएगी ऐसी हरकतों से न केवल स्वयं बल्कि दूसरों के लिए भी लोग खतरा बन सकते हैं। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वह नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें

**मंदिर में पहले ...**तुरंत ही सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो चोर चोरी करता हुआ नजर आ गया ,उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा उक्त युवक को ढूंढा जा रहा है ,उन्होंने बताया कि युवक रामनगर के रेलवे पड़ाव क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के आदि हो चुके युवाओं द्वारा इस तरीके का कार्य किया जा रहा है, नशे की जद में आ चुके युवा नशे के लिए इस तरीके का कार्य कर रहे हैं।

**मांगों को लेकर कल...**रहा है। वहीं लोगों की सुविधा व व्यवस्था के लिए समाज के युवकों को जिम्मेवारियां दी गई हैं। जो पूरी तरह से जिम्मेवारियों को पूरी करने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं आयोजन स्थल में चल रही तैयारियों का पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया और समाज के वरिष्ठ लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ग्रामीणों ने आवारा पशुओं को तहसील में बांधा

लालकुआं (उद संवाददाता)। आवारा गोवंश के कारण खेती किसानी चौपट होने और लगातार जारी सड़क दुर्घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में 'सरकारी आवारा गोवंश को सरकार के हवाले करो' कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुषों ने आवारा गाय बैलों को हांककर तहसील में बांध दिया। कार्यक्रम के समर्थन में पहुंचे भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने इस अवसर पर कहा कि, भाजपा के लिए गाय भी सिर्फ वोट पाने और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का माध्यम है, उनकी दुर्दशा से भाजपा का कोई सरोकार नहीं है। अगर ऐसा न होता तो भाजपा की सरकारें आवारा होते गौवंश से खेती, मनुष्य जीवन और खुद इन्हें बचाने के प्रभावी उपाय करती। उन्होंने कहा कि, भाजपा की सरकार जिस भी चीज के संरक्षण का दावा करती है या उसे पवित्र घोषित करती है, उसकी सर्वाधिक दुर्दशा हो जाती है। सड़कों पर आवारा घूमती गायें, पॉलीथीन खाती और नाली का गंदा पानी पीती गायें, इस बात का प्रमाण है कि भाजपा और आरएसएस के लोग कितना ही गौ माता का जाप करें, लेकिन गायों की सर्वाधिक दुर्दशा भाजपा के एक दशक के शासन में हुई है। प्रधानमंत्री कई राज्यों के आसन्न विध ानसभा चुनावों को सामने देख गाय के बछड़े के साथ फोटोशूट करवा रहे हैं। फोटो तक सीमित इस गौ प्रेम से आगे बढ़ कर प्रध ानमंत्री को जवाब देना चाहिए कि आखिर उनके राज में गौ वंश दर दर की ठोकरें क्यों खा रहा है? अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि, आवारा गाय बैलों से खेती किसानी संकट में पड़ गई है और सड़कों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन सरकार असंवेदनशील होकर उदासीन बनी हुई है। सरकार को तत्काल इसका उपाय करना होगा अन्यथा यह परिदृश्य एक बड़ी आपदा की ओर बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि, आवारा गाय, बैल, बछड़ों की बढ़ती संख्या और जनता के बीच इसको लेकर बढ़ते असंतोष से निपटने के लिए गौ शालाओं को समाधान के रूप में पेश किया जा रहा है। बीते वर्षों में राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में सैकड़ों गायों के देखरेख के अभाव



में गौशालाओं में मरने की बात सामने आई थी। देहरादून के सरकारी कांजी हाउस में भी पिछले वर्ष समुचित देखरेख के अभाव में गायों के मरने का मामला सामने आया था। इसलिए यह स्पष्ट है कि गौशालाओं में गायों को सिर्फ गौ शाला संचालकों को सरकारी अनुदान का लाभ दिलाने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें अधिकाश गौ शाला संचालक तो सत्ताधारी भाजपा या उसके अनुषांगिक संगठनों से जुड़े हैं। भाकपा माले के जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, भाजपा सरकार ने संरक्षण के नाम पर एक तरफ गाय की बेकद्री की है और दूसरी ओर गाय के बहाने पूरे देश में मॉब लिंचिंग करते गुंडों को गौ रक्षक कहा जा रहा है। किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि, किसान महासभा का स्पष्ट रूप से मानना है कि आवारा गोवंश पशुपालक प्रदत्त आपदा नहीं है यह बड़े पूंजीपतियों के पक्ष में सरकार जनित आपदा है इसके सम्पूर्ण नुकसान की जिम्मेदारी सरकार की है। कार्यक्रम के बाद उपजिलाधिकारी लालकुआं के माध्यम से उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर 7 सूत्रीय मांग पत्र भेजा गया अखिल भारतीय किसान महासभा ने चेतावनी दी कि यदि आवारा गोवंश के दंश को झेल रही जनता की आवाज नहीं सुनी गई तो किसान महासभा गौवंश के मामले में सरकार के जनविरोध ी रवैए के खिलाफ स्थाई समाधान होने तक लगातार जनान्दोलन डेरा डालो, घेरा डालो – करने को बाध्य होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, नैनीताल जिलाध्यक्ष भुवन जोशी, भाकपा माले राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, पुष्कर सिंह दुबड़िया, विमला रौथाण, आंनद सिंह सिजवाली, किशन सिंह बघरी, कमलापति जोशी,आइसा नेता धीरज कुमार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर दानू, कांग्रेस नेता कुंदन सिंह मेहता, प्रगतिशील महिला मंच की पुष्पा, ललित मटियाली, किसान नेता नैन सिंह कोरंगा, हरीश भंडारी, प्रभात पाल, बसंती बिष्ट, कमल जोशी, मदन धामी, कमला जोशी, पुष्पा, गिरधर बम, निर्मला शाही,मीना जोशी कपिल, मीना जलाल, बलवंत सिंह, जानकी देवी, हीरा मेलकानी, सावित्री, आंनद दानू, प्रवीण दानू, त्रिलोक राम, पनीराम, लक्ष्मण सिंह राठौर, पार्वती, बची सिंह, गुलाब राम, तुलसी देवी, पूनम कार्की, सरस्वती देवी, हरिकिशन, आनंदी, राधा, खष्टी आदि सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## डीएम ने किया नादेही चीनी मिल का निरीक्षण

जसपुर(उद संवाददाता)। जिलाधि कारी एवं आयुक्त गन्ना उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ नादेही चीनी



मिल जसपुर की गन्ना पेराई तैयारियों का जायजा लिया । उन्होंने कहा गन्ना पेराई सीजन जल्द शुरू होने वाला है इसलिए सारी तैयारियां पूरी कर ले, ताकि समय से गन्ना पेराई प्रारम्भ हो सकें। मुख्य अभियंता चीनी मिल अभिषेक कुमार ने बताया कि चीनी मिल का बॉयलर आदि मशीनों का मेंटेनेंस व सफाई कार्य चल रहा है जो 30 अक्टूबर से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि गन्ना पेराई समय से प्रारम्भ की जा सकें। जिल पर जिलाधिकारी ने चीनी मिल में धीमे मेंटेनेंस कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करें व निर्धारित समय पर गन्ना पेराई शुरू करें। निरीक्षण के दौरान किसानों व जनप्रतिनिधियों में मिल में स्थाई महाप्रबंधक की तैनाती के साथ ही कर्मचारियों के तैनाती करने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधि कारी ने शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, किसान चौ किशन सिंह, तरसेम सिंह देओल, प्रेम सिंह सहोता आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी राजेन्द्र कालड़ा के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में होगा उजियारा

किच्छा(उद संवाददाता)।क्षेत्र के नामी किसान एवं समाजसेवी राजेंद्र कालडा का बीते दिवस आकस्मिक निधन हो गया ।उनकी इच्छा के मुताबिक उनके परिजनों ने मृत्यु उपरांत उनका नेत्रदान कराया। राजेंद्र कालडा के निधन का समाचार पाते ही तमाम लोग आजाद नगर वार्ड नंबर 2 स्थित उनके निवास स्थान पहुंचे और गहरा शोक



जताया। श्री कालड़ा के निधन के पश्चात अग्रसेन चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आई सेंटर सी आर मित्तल की टीम वहां पहुंची और स्वर्गीय कालड़ा के नेत्रों को सुरक्षित रखा गया। उनके पुत्र अमित कालडा ने बताया कि उनके पिताजी ने जीवन भर किसानी की और समाज के सभी कार्यों में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करते थे ।नेत्रदान के बाद गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया ।उनकी चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अमित और भतीजे हिमांशु और राहुल ने दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीआर मित्तल आई सेंटर के मनीष रावत ,एसके मिश्र, समेत उनके दामाद भारत भूषण चुघ पंकज ग्रोवर गौरव तागरा, विशाल गुंबर प्रिंस भाटिया सुरेश ढींगरा ,अनिल शर्मा, सुरेंद्र खुराना,प्रदीप पुजारा, मोहन खुगगर, लक्ष्मण खुगगर, अशोक हुड़िया, विजय अरोरा विजय पुजारा राजू खुराना अनुज पाठक भूपेंद्र सिंह संजीव अरोरा सुनील कालरा आशीष छाबड़ा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## बड़े अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाकर कबूतरबाज कर रहे ठगी

काशीपुर(उद संवाददाता)। विदेश भेजने के नाम पर युवाओं तथा बेरोजगारों से लाखों करोड़ों की ठगी करने वाले कबूतरबाजों ने आम लोगों के बीच भरोसा कायम रखने को लेकर एक नया फंडा इजाद कर लिया है। कबूतरबाजों ने शासन प्रशासन के बड़े–बड़े अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के अलावा नामी गिरामी चेहरों के साथ फोटो खिंचवाकर उसे अपने ऑफिस के रिसेप्शन में अथवा घरों के ड्राइंग रूम में सजा रखा है। वह बड़े ही फक्र से अमुख व्यक्ति से अपने संबंध ों का बखान करते हैं। और यहीं कहीं ना कहीं व्यक्ति भ्रमित होकर विदेश जाने अथवा भेजे जाने के नाम पर अपना सब कुछ गंवा बैठता है। देखा जाए तो अकेले काशीपुर शहर में ऐसे दर्जनों कबूतर बाज महफूज ठिकाना बनाए हुए हैं जो युवाओं को चुटकियों में करोड़पति बनाने का ख्वाब दिखाकर उन्हें गुमराह करने अथवा ठगने का काम कर रहे हैं। शहर में महाराणा प्रताप चौक के आसपास से लेकर रामनगर रोड पर चीमा चौराहा, राजकीय चिकित्सालय के नजदीक, स्टेडियम तिराहा तथा ऐसे तमाम महत्वपूर्ण स्थान पर विदेश में नौकरी दिलाने का ठेका लिया जा रहा है। मजे की बात यह है कि विदेश भेजने के नाम पर अधिकांश लोगों ने शिक्षण संस्थान खोल रखे हैं जहां आईलेट्स आदि कोर्स की उच्च शिक्षा देने के बाद विदेश भेजे जाने की बात की जाती है। हालांकि इस तरह की सौदेबाजी मैं अब तक दर्जनों लोग ठगी के शिकार हो चुके हैं लेकिन इसको लेकर ना तो आम तब का जागरूक हो रहा है और ना ही प्रशासन कबूतरबाजों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रहा है।

## ग्रामीणों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत विधानसभा गदरपुर के ग्राम रामनगर और ग्राम रमपुरा काजी में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा बैठक कर सैकड़ो ग्राम वासियों को भारतीय जनता पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाया और उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक पार्टी नहीं एक परिवार है जो लगातार जन कल्याण नीति और देश सेवा की भावना



को लेकर चल रहा है जिस कारण हर व्यक्ति इस परिवार का अगं बनना चाहता है। इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान विधानसभा सहयोगी सुभाष गुंबर, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कलरा, भाजपा नेता अजय शर्मा ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष स्नेहिल कालरा,बलविंदर सिंह,अभिषेक राणा सहित अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बरसाती नाले में मिला यूपी के लापता युवक का शव

काशीपुर(उद संवाददाता)। यूपी की सीमा के नजदीक गांव से एक व्यक्ति अपने तीन अन्य साथियों के साथ बरसाती नाले से मछलियों को पकड़ने के लिए उत्तराखंड की सीमा में ग्राम खाईखेड़ा आकर यहीं से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बुधवार को पुलिस को उसकी लाश मिली। ग्राम टाह मदन, पोस्ट उदयावाला, थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी रीना पत्नी सतीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 16 सितंबर को उसका 32 वर्षीय पति सतीश पुत्र नन्ही शाम लगभग 4:00 बजे गांव के ही गुड्डू कलुआ व नदुआ के साथ में बरसाती नाले से मछली पकड़ने घर से आईटीआई थाना अंतर्गत पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम खाई खेड़ा की ओर निकला। देर रात तक घर न पहुंचने पर उसकी पत्नी ने छानबीन शुरू की तो गौरव नामक युवक ने बताया कि उसका पति शराब पीकर खेत में पड़ा है। देर रात तक घर न लौटने पर मौके पर जाकर देखने पर सतीश वहां से गायब मिला। मामले की तहरीर गायब युवक की पत्नी द्वारा पुलिस को दी गई। शौकीन चार्ज में मामले को गंभीरता से लेते हुए गत मंगलवार को गोताखोरों की मदद से बरसाती नाले में गायब युवक को तलाशने का प्रयास किया लेकिन उसका पता नहीं चला। बुधवार सुबह गांव खाईखेड़ा के ग्राम प्रधान ने पुलिस को बरसाती नाले में लावारिस शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलाया। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त गायब सतीश के रूप में की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

